JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
**E-mail:** pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

---

2025/03/419–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 28.03.2025

## राजस्थान दिवस के अवसर पर मानसरोवर मेट्रो डिपो में जयपुर मेट्रो रेल निगम का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जयपुर, 28 मार्च। राजस्थान दिवस समारोह के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नव संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के सप्ताह–पर्यंत आयोजन के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। इसके तहत् आज दिनांक 28 मार्च 2025 को मानसरोवर मेट्रो डिपो परिसर में राजस्थान दिवस शपथ ग्रहण दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के पूर्णकालिक निदेशकगण उपस्थित रहे।

राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर मानसरोवर मेट्रो डिपो परिसर में जयपुर मेट्रो अधिकारियों कर्मचारियों व समस्त स्टाफ को राजस्थान की महान परम्पराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने, राजस्थान को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के हर प्रयास में सक्रियता से भाग लेने, महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के सम्मान, अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने, विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए, राज्य के विकास में निरंतर योगदान देने तथा राज्य के विकास के प्रति जिस निष्ठा और नवाचार की अपेक्षा है, उसके लिए संकल्पबद्ध रहने हेतु शपथ दिलाई गई।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और राष्ट्र एवं राज्य के प्रति समर्पित तथा निष्ठावान रहने हेतु प्रेरित किया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो